## सार-समाचार

### व्यावसायिक भूखण्डों की नीलामी 5 से

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित ई-नीलामी माह फरवरी-अप्रैल 2025 के अन्तर्गत आगामी सप्ताह में राजीव गांधी नगर योजना, मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्ड राजीव गांधी नगर, आनन्द विहार योजना सहित ग्राम चौखा ख.सं. 701 स्थित विभिन्न व्यावसायिक भूखण्डों की भव्य ई-नीलामी की जाएगी। जेडीए निदेशक वित्त मंजीत चारण ने बताया कि प्राधिकरण की महत्वकांक्षी व्यावसायिक योजना खसरा नं. 701 ग्राम चौखा के व्यावसायिक भूखण्डों की नीलामी 05 मार्च से 07 मार्च तक आयोजित की गई है। चारण ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महत्वकांक्षी व्यावसायिक योजना में व्यावसायिक भूखण्डों की नीलामी के लिए आमजन में उत्साह एवं भारी रूझान निरन्तर जारी है। ज्ञात रहे कि प्राधिकरण द्वारा पूर्व में आयोजित ई-नीलामी कार्यक्रम में आमजन के भारी रूझान के चलते व्यावसायिक भूखण्डों के लिए प्राधिकरण को 87000/-रूपए प्रति वर्गमीटर तक की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई थी। प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि प्राधिकरण ने शुक्रवार को राजीव गांधी नगर सेक्टर-जे के 05 भूखण्डों को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया, जिसमें प्राधिकरण को न्यूनतम विक्रय दर के दो गुना अधिक 20100/-रूपये प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। ई-नीलामी में ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डों के लिए अलग-अलग निर्धारित की गई है। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

### बालिकाओं को साइबर अपराध की जानकारी दी

**जालोर, (कासं)।** राजकीय देवनारायण आदर्श बालिका छात्रावास जालोर में समर्पण सेवा संस्थान की ओर से शुक्रवार को महिला ( बालिका) सुरक्षा एवं साइबर अपराध को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष उर्मिला दर्जी ने छात्राओं को बताया कि आज के समय में साइबर अपराध बहुत ही खतरनाक तरीके से बढ रहा है। आनलाइन वित्तीय धोखाधडी, हैकिंग, सहित कई तरह के साइबर अपराध बढ रहे हैं इसके लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन करें। इसके लिए हमें बिना जान पहचान के किसी को भी अपने फोन की ओटीपी नहीं देनी चाहिए। किसी को अपना मोबाइल फोन नहीं देवें। आप अपनी इंस्टाग्राम आईडी को अपने दोस्तों के साथ बिना पहचान नहीं सैर नहीं करें। इसके लिए हम सबको आगे आना चाहिए। इसी तरह महिला सुरक्षा सशक्तिकरण को लेकर भी छात्राओं को जानकारी उपलब्ध कराई की किसी भी अनजान पुरुष पर विश्वास नहीं करें। महिला एवं पुरुष को समान अधिकार प्राप्त है इसके लिए हमें बिना भेदभाव आगे बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। कोई पुरुष किसी छात्रा को बिना इजाजत उसको टस भी नहीं कर सकता है इसके लिए हमें आगे बढना है ऐसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवानी है। इस अवसर पर समर्पण सेवा संस्थान अध्यक्ष उर्मिला दर्जी,गटु देवी, सचिव जोशना कुमारी, भावना वेगड, शिल्पा कुमारी, माया, पुष्पा सहित कई छात्राएं उपस्थित रही।

### आहोर में अधिवक्ताओं की बैठक हुई

**जालोर, (कासं)।** राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में शुक्रवार को आहोर तालुका मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण में अधिवक्ताओं की सकारात्मक भूमिका आवश्यक है। उन्होंने अधिवक्ताओं को कहा कि एनआईआएक्ट, राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरणों, पारिवारिक मामलों सहित अन्य प्रकरणों में पक्षकारों को राजीनामा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अधिवक्ताओं को आव्हान किया कि वे लोक अदालत में होने वाले फायदों के बारे में पक्षकारों को बताए तथा लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा करने के लिए समझाइश करें। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधीर चौहान ने भी अधिवक्ताओं को लोक अदालत में सकारात्मक सहयोग करने का आव्हान करते हुए कहा कि क्रॉस केस, एनआईएक्ट, पारिवारिक मामलों सहित सिविल के मामलों में राजीनामा के लिए पक्षकारों को प्रेरित करें। इस दौरान अधिवक्ता गुणेशसिंह राजपुरोहित, चुन्नीलाल राजपुरोहित, गजेंद्रसिंह, , पारसमल, विक्रमसिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### राजनैतिक दलों के साथ बैठक ली

**जालोर, (कासं)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक मतदान केन्द्र में बूथ स्तरीय अभिकर्ता बीएलए नियुक्त करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि मतदाता सूची को गुणवत्तापूर्वक तैयार करने के लिए सरकार की ओर से बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किये गये हैं। यदि राजनैतिक राजनैतिक दलों की ओर से इनके सहयोग के लिए बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त कर दिये जाये तो मतदाता सूची शत-प्रतिशत सही एवं स्वस्थ बन सकती है। सभी राजनैतिक दल जिला स्तरीय अधिकारी की नियुक्ति बीएलए-। फॉर्म में करावें एवं जिला स्तरीय अधिकारी बूथ स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्त बीएलए-2 फॉर्म में करावें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाड़ा ने कहा कि मृत मतदाता, बोगस मतदाता एवं अन्यत्र रहने वाले मतदाताओं की जानकारी स्थानीय व्यक्तियों को अधिक होती है इसलिए बूथ स्तरीय अभिकर्ता नियुक्त होने से स्वस्थ मतदाता सूचियाँ तैयार होती है। उन्होंने राजनैतिक दलों से मतदान केन्द्र के लिए बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त करने की अपील की। निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार राजेश व्यास द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन विभाग के दिशा-निर्देश एवं बी.एल.ए. नियुक्ति के फॉर्म उपलब्ध करवाए गए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के हरीश राणावत, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के अनिल पंडत उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों व अभिभावकों में दिखा उत्साह

**जोधपुर, (कासं)।** उत्कर्ष क्लासेस द्वारा संचालित राजस्थान की प्रथम ऑनलाइन स्कूल, नेहल वर्चुअल स्कूल (एनवीएस) द्वारा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। शास्त्री नगर स्थित उत्कर्ष कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया तथा नेहल वर्चुअल स्कूल के संबंध में अभिभावक के रूप में अपने अनुभव साझा किए। समारोह में स्कूल के प्रिंसिपल प्रताप राजपुरोहित, उत्कर्ष क्लासेस के सीबीओ अर्पित पारीक सहित सभी फैकल्टी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर करेंट अफेयर्स विषय के अनुभवी विशेषज्ञ कुमार गौरव की विशेष उपस्थिति ने विद्यार्थियों के उत्साह व जोश में इजाफा किया। फेयरवेल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के तहत प्रतिभावान विद्यार्थियों ने नृत्य व गीत-संगीत के माध्यम से सभी का मन मोहा। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न तथा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। समारोह के अंत में प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नेहल वर्चुअल स्कूल (एनवीएस) के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को ऑफलाइन स्कूल की ही भाँति घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा दी जाती है।

### वूशु प्रतियोगिता के लिए जालोर टीम रवाना

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में श्रीगंगानगर में 1 से 2 मार्च तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय खेलो इण्डिया महिला वूशु लीग प्रतियोगिता के लिए जालोर जिले की टीम शुक्रवार को रवाना हुई। जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि बालिकाओं की आङ्ग सदस्यीय टीम में भीनमाल से निकिता, चंचल सोलंकी,हर्षिता सोलंकी व खुशबू मीणा शामिल हैं। वहीं जालोर शहर से कनिष्का जोगसन व मानवी,गोदन से रवीना और बादनवाडी से प्रियल राज्य प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।टीम के कोच प्रभु एम देसाई भीनमाल व टीम मैनेजर कैलाशचंद्र बादनवाडी होंगे।वहीं महिला सुरक्षा के लिए टीम के साथ वूशु कोच नीतू गोदन साथ रहेंगी। टीम की रवानगी पर जिला वूशु संघ के सभी पदाधिकारियों ने सभी खिलाडियों को पदक जीतने की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों पर चर्चा की



जोधपुर विकास प्राधिकरण में महिला उत्पीड़न रोकथाम कमेटी के गठन के लिए बैठक हुई।

**जोधपुर, (कासं)।** जिला कलेक्टर जोधपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशां के क्रम में जोधपुर विकास प्राधिकरण में महिला उत्पीडन रोकथाम कमेटी के गठन के लिए शुक्रवार को प्राधिकरण बैठक हॉल में मध्यान्ह 3 बजे बैठक का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में उपायुक्त जोन- 1 एवं प्रभारी संस्थापन शाखा मुकेश बारेठ, उपायुक्त जोन- 4 अदिति पुरोहित, तहसीलदार किरण सिंघारिया, शिवानी पुरोहित कनिष्ठ विधि अधिकारी, संस्थापन अधिकारी ब्रजमोहन सांखला, मीरा संस्थान एनजीओ सामाजिक परामर्शदाता डॉ. किरण शर्मा, सहायक अभियन्ता संतोष चौधरी, निरूपमा आसोपा, तृप्ति कुमावत, प्रोग्रामर रेणु चौहान, सहा. प्रशासनिक अधिकारी कान्ता पंवार, वरिष्ठ सहायक अनिता पुरोहित, सहायक प्रोग्रामर तृप्ति, प्राधिकरण की महिला अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन अधिनियम के तहत् प्राधिकरण में कार्यरत समस्त महिला अधिकारियों एवं कार्मिकों के यौन उत्पीडन से संबंधित प्राप्त शिकायतों की जांच, निवारण, प्रतिवेद एवं प्रतितोष के लिए आंतरिक समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जेडीए उपसचिव एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी कंचन राठौड को कमेटी का अध्यक्ष एवं सहा. प्रशासनिक अधिकारी कांता पंवार को सचिव चुना गया। बैठक का संचालन सहा. प्रशासनिक अधिकारी कांता पंवार ने किया।

इसी प्रकार कमेटी में शिवानी पुरोहित, संतोष चौधरी, निरूपमा आसोपा, डॉ. किरण शर्मा को सदस्य एवं संजय सांदड को पुरूष सदस्य बनाया गया। बैठक में नामित सदस्यों का विवरण प्राधिकरण परिसर में बोर्ड लगाकर नियमानुसार डिस्पले करने एवं बैठक की सूचना व नामित सदस्यगण का विवरण जिला कलेक्टर जोधपुर कार्यालय को भिजवाये जाने का भी निर्णय लिया गया।

# शिव-पार्वती का विवाह देख श्रद्धालु भावविभोर हुए



महामंदिर क्षेत्र में भगवान शिव-पार्वती का विवाह महोत्सव हुआ।

**जोधपुर, (कास)।** महाशिवरात्रि के के उपलक्ष में महामंदिर क्षेत्र में भगवान शिव-पार्वती का विवाह महोत्सव में श्रद्धालु भावविभोर होकर नाच उठे।

पहले भगवान शिव पार्वती को हल्दी लगाते हुए मंगल गीत गाए गए। इसके पश्चात महाशिवरात्रि के दिन शाम को भगवान शिव की बारात धूमधाम के साथ क्षेत्र में निकाली गई।

क्षेत्र की अलका सिसोदिया ने बताया कि युवाओं के सहयोग से हिंदू रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न हुआ। गुरुवार अलसुबह 5 बजे तक विवाह की हर रस्म निभाई गई।

इस दौरान क्षेत्र की ही दो बेटियों को भगवान शिव और पार्वती का वेश धारण करवाया गया। जिसमें भगवान शिव छाल पहने नजर आए और दुल्हन के वेश में पार्वती का रूप दिया गया। शाम करीब 5 बजे क्षेत्र में शिव बारात निकाली गई। उसके पश्चात क्षेत्र के मंदिर में सात फेरे भी पंडितों के सानिध्य में संपन्न करवाए गए। इस दौरान कविता और सुनिता सहित श्रेत्र के सैकड़ों भक्तजन मौजूद थे।

# शिविर में 170 जनों के बी.पी. व शुगर की जांच



जालोर के वीरमदेव चौक में एन.सी.डी. चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जिला प्रशासन एव चिकित्सा विभाग जालोर की ओर से राष्ट्रीय कैंसर मधुमेह हृदय रोग व पक्षाघात बचाव के नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को शहर के वीरम देव चौक जालौर में एनसीडी क्लीनिक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय जालोर की ओर से निशुल्क बीपी शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर प्रभारी शहजाद खान ने बताया कि एनसीडी क्लीनिक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जालोर द्वारा समय समय पर शहर में विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा जांच शिविर आयोजित कर 30 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों के लिए मधुमेह, उच्च रक्तचाप की निशुल्क जॉच की जाती है।

शिविर में कुल 170 मरीजों के बीपी, शुगर की जांच की गई शिविर में बीपी के 22 व शुगर के 53 रोगी पाए गए। जिन्हें जिला चिकित्सालय फिजिशियन के पास रेफर किया गया।मरीजो को उच्च रक्तचाप व मधुमेह के बारे में जानकारी देकर नियमित जांच एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया।

शिविर में मरीजों ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर स्वास्थ जोंच करने का कार्य सराहनीय है। चिकित्सा शिविर में जिला चिकित्सालय जालोर से डॉ. रोहिताश, डॉ. पूजा सीरवी,सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान नर्सिंग ऑफिसर नवीन कुमार सोलंकी, नर्सिंग छात्र ललित गर्ग, निशा कुमावत, काजल, भानुप्रताप, सविता ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सा शिविर में फूलाराम घांची, महेंद्र बोराणा, मुकेश मेहता , पूर्व पार्षद मांगीलाल, जगदीश आर्य जेङ्गाराम, मांगीलाल आर्य, भवरसिंह, ललित सोनी, मोहम्मद हनीफ, मोतीलाल, उगमराज जैन, सका राम,नैनाराम, मुजफ्फर मंडोरी, फारूक खान, वर्दीचंद, त्रिभुवन पुरोहित, नारायण लाल, सुमेर, रामदास ,ने बीपी शुगर की जांच में सहयोग दिया। सभी ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजीत करने पर चिकित्सा विभाग का आभार जताया।

# 'मरीजों की सेवा करने से सुकून मिलता है'




मिर्गी शिविर का आयोजन श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में किया।

**जोधपुर, (कासं)।** हर माह आयोजित होने वाले निशुल्क मिर्गी शिविर की हर कडी में 319 वां शिविर श्रीधर शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लायंस क्लब में आयोजित किया गया।

संस्थान की सचिव डॉ. पद्मजा शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्घाटन जोधपुर प्रेस क्लब कार्याध्यक्ष अजय अस्थाना और स्वतंत्र पत्रकार अरविंद चोटिया ने किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों को पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया। मरीजों को अरविंद चोटिया ने कहा कि यहां आने पर आज मुझे महसूस हुआ कि मरीजों की सेवा से कितना सुकून मिलता है ।वर्तमान में जहां आज व्यापारीकरण का माहौल है। वहां लगातार 27 वर्ष से निशुल्क सेवा करना एक मानव सेवा अनुकरणीय उदाहरण है । मैं अपनी तरफ से डा नगेंद्र शर्मा और उनकी पूरी टीम का साधुवाद देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ये कैंप ऐसे ही चलते रहें।प्रेस क्लब जोधपुर के अध्यक्ष अजय अस्थाना ने कहा कि आजकल घर में एक व्यक्ति के बीमार होने पर लंबे समय तक मरीज की देखभाल करना असंभव हो जाता है और परिवार में एक अलग माहौल बन जाता है। सभी चिकित्सकों से अनुरोध करता हूं कि इन कैंपों से ये सीखना चाहिए कि यदि एक चिकित्सक एक बीमारी को लेकर समाज में उसके प्रति जागरूकता फैलाए तो हर मरीज को सभी अंधविश्वास वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता लाई जा सकती है।

डॉ. नगेंद्र शर्मा ने बताया कि आज शिविर में 212 मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया गया। शिविर संयोजक किशन प्रजापत और महावीर शर्मा के अलावा कमलेश व्यास, वंदना राठौड, नेमिचंद शर्मा,हरीश शर्मा, पुखराज, अक्षय त्रिवेदी, उमेश गौड, सुरेश गौड, दीपक सिंह, किशन खत्री, मनोज खत्री और छायाकार दिनेश पुरी ने सेवाएं दी।

### प्रतियोगिता हुई

जोधपुर, (कास)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति इकाई द्वारा भारतीय भाषा पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मीडिया प्रभारी प्रो. (डॉ.) दिनेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 20 स्नातकोत्तर एवं स्नातक प्रतिभागियों ने गायन, नाटक एवं पोस्टर श्रेणी में भाग लेकर तेलगु, कन्नड़, हिन्दी, पंजाबी, राजस्थानी, संस्कृत, मणिपुरी, गुजराती एवं हरयाणवी आदि भाषाओं द्वारा भारतीय भाषाओं के महत्व को दर्शाया।

## विदाई समारोह आयोजित

**पोकरण, (कासं)।** खेतोलाई गांव कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेतोलाई में शुक्रवार को 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह पंचायत समिति सदस्य कलावती विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

अध्यक्षता प्रधानाचार्य विष्णुकुमार छंगाणी ने की। सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजकुमार विश्नोई ने कहा कि मेहनत से आप अपने सपनों को पूर्ण कर सकते है। सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात विदा हो रहे सभी विद्यार्थियों के लिए शॉल की व्यवस्था भामाशाह कलावती विश्नोई ने की।

# सहकार से समृद्धि पर गोष्ठी

**जालोर, (कासं)।** जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि., जालोर के परिसर में शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र संगठन की ओर से वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किये जाने के अवसर पर सहकार से समृद्धि के विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर मोहन पाराशर अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सहकारिता का संक्षित इतिहास के बारे में जानकारी दा।उन्होनें केरल प्रदेश में बसों में भी सहकारिता का रोचक उदाहरण दिया। सहकारिता के लिए नवाचार करने पर जोर दिया।

# अवैध मादक पदार्थ बरामद

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के करडा पुलिस ने शुक्रवार को 2.187 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त एवं पाउडरनुमा पदार्थ 51 ग्राम जब्त कर दो ट्रक को जब्त किया।

करडा थानाधिकारी कमलेश मय जाब्ता द्वारा मनोहरलाल पुत्र ठाकराराम विश्नोई (बांगडवा) निवासी खारा के दुकान की चैंकिग के दौरान दुकान के पिछे वाले दरवाजे से प्रवेश कर पीले रंग प्लास्टिक की थेली में भरे मादक पदार्थ 2 किलो 187 ग्राम डोडा पोस्ट व पोलीथीन थैली में मिले पाउडरनुमा पदार्थ 51 ग्राम को जब्त कर कर मुलजिम मनोहरलाल विश्नोई (बांगडवा) निवासी खारा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। मनोहरलाल की तलाश जारी है।

# फागोत्सव की मची धूम

**जोधपुर, (कास)।** शहर में अब फाल्गुन मास में प्रकृति ने वातावरण में मधुरता बिखेरनी शुरू कर दी है। इसके साथ ही भक्ति का अनूठा दौर शुरू हो गया है। जोधपुर के मंदिरों में फागोत्सव के आयोजन होने लगे हैं।

शिकारगढ़ क्षेत्र के खारडा-रणधीर रोड स्थित आदित्य द्वारकाधीश कॉलोनी के श्री आदित्येश्वर महादेव मंदिर परिसर में कॉलोनी की महिला मंडल की ओर से मंदिर पुजारी पंडित शिवलाल शर्मा के सान्निध्य में फागोत्सव का आयोजन हुआ। महिला मंडल की योगिता शर्मा ने बताया कि फागोत्सव के दौरान गायक पंकज बिंदास द्वारा होरी गायन पर फागुणियां पोशाक में सजी-धजी महिलाएं ठाकुरजी के साथ पुष्प होली खेलते हुए, नृत्य करते हुए और एक दूसरे के अबीर-गुलाल से तिलक लगाकर व गालों पर अबीर-गुलाल मलते हुए श्याम भक्ति और आनंद-उन्माद में सराबोर नजर आई।

शहर के प्रसिद्ध व प्राचीन पाल बालाजी मंदिर प्रांगण में फागोत्सव शनिवार को शाम सात बजे मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि एक मार्च को शाम सात बजे पाल बालाजी मंदिर प्रांगण में फागोत्सव की शुरुआत होगी। इस दौरान यहां पुष्पों के साथ होली खेली जाएगी और होरिया गीत गाए जाएंगे। होरी गायन पर फागुणियां पोशाक में सजी-धजी महिलाएं पुष्प होली खेलेगी। इसमें विभिन्न भजन मंडलियां व ख्यातनाम भजन कलाकार फाग गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

कटला बाजार स्थित कुंजबिहारीजी मंदिर में 6 मार्च से होरियों का गायन व फूलों की होली खेली जाएगी। यह कार्यक्रम 12 मार्च तक चलेगा। इस दौरान नित्य रात 8 से 11 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। इसमें विभिन्न भजन मंडलियां व यातनाम भजन कलाकार फाग गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। वहीं माली सैनी महासभा महिला मण्डल जोधपुर की ओर से 9 मार्च को फाग उत्सव मनाया जाएगा। उपाध्यक्ष नीरू मनोहरसिंह टाक ने बताया कि फाग उत्सव में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम व महिलाओं के उनके अधिकारों के प्रति सचेत किया जाएगा। फाग उत्सव में राजस्थानी संस्कृति पर विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

No.-Comml/E-auction/2025/07 Date: 27.02.2025

**ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना**

उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न स्टेशनो पर दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ एवं डिजिटल लॉकर के ठेके हेतु ई- ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं। **कार्य का नामः** (1) जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ के ठेके हेतु ई-ऑक्शन, (2) जोधपुर मंडल के स्टेशन पर डिजिटल लॉकर के ठेके हेतु ई-ऑक्शन, **कार्य की अवधि :** (1) दोपहिया वाहन एवं अन्य पार्सल पैकिंग सेवाएँ: 3 वर्ष, (2) डिजिटल लॉकर: 3 वर्ष, **लॉट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व. समयः** Two-wheeler and other parcel packing services: (1) MSS-JU-TWnOPS-3 दिनांक 10.03.2025 को 11:00 बजे से, (2) Digital Locker: (1)JU-Lockers-03 दिनांक 17.03.2025 को 15:00 बजे से, **वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** www.ireps.gov.in **263-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-टेण्डर नोटिस संख्या-SnT_C_JU_24-25_04**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए उप मुख्य सिग्नल व दूर संचार अभि./निर्माण, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा निम्नलिखित सिग्नलिंग एवं टेलीफोन संबंधी कार्य हेतु मुहरबंद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** "उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/जोधपुर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न परियोजना स्थलों/अनुभागों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति। **कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 80301351.06, **धरोहर राशिः** Rs. 551500.00, **ई-निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समयः** 28.03.25 upto 11.00 hrs, **वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहां से टेण्डर का विवरण देखा जा सके एवं खरीद की जा सकेः** www.ireps.gov.in उप मुख्य सिग्नल व दूर संचार अभि./निर्माण, निर्माण विभाग, डीआरएम कार्यालय, हरीश जोशी मार्ग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर। **नोटः** यह एक ई-टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई-टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वेबसाईट पर टेण्डर डाले। **260-PS/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## कार्यालय नगरपालिका सुमेरपुर, जिला-पाली (राज.)

क्रमांक/न.पा.सु./तामीर/2025/13309-13310 दिनांक :- 20.02.2025

**आपत्ति आमन्त्रण-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा पालिका में दरख्वास्त, रजिस्टर्ड लिखित बेचान, वसीयत, पट्टा मय अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आवासीय/वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भवन निर्माण इजाजत चाही गई है, उक्त क्रम में निम्नानुसार उजरदारी इश्तिहार जारी किया जाता है :-

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता व प्रस्तावित स्थल | पत्रावली सं. व | प्रयोजन/माप |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति भंवरीदेवी पत्नि पुरण कुमारजी कुमावत, डुंगाजी कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/586 | **900 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल) |
| 2. | श्रीमति मिनाक्षी कुमारी जेठारामजी मीणा केसर बाग कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/587 | **891.50 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल,प्रथमतल) |
| 3. | श्री चन्द्रपालसिंह पुत्र सवाईसिंहजी, सांई कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/588 | **1020 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल) |
| 4. | श्रीमति मालती शर्मा पत्नि भुदेव सारसवत ब्राह्मण, विवेकानन्द नगर ईडब्लुएस कोलोनी के पास, सुमेरपुर | BPAS/589 | **1800 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल) |
| 5. | श्रीमति कमला पत्नि देवीसिंहजी, अमरनाथ कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/590 | **950 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल) |
| 6. | श्रीमति रजनी पत्नि घनश्यामजी, महावीर आवासीय कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/591 | **520 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (प्रथमतल) |
| 7. | श्री भरत कुमार पुत्र मोहनलालजी माली, मालियों का वास, सुमेरपुर | BPAS/592 | **1540 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल) |
| 8. | श्री हमीराराम पुत्र नेमाजी देवासी, अंजनी नगर पार्ट ए, सुमेरपुर | BPAS/593 | **1000 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल) |
| 9. | श्री मुरलीधर पुत्र माणकदासजी वैष्णव, अयोध्यापुरम् कोलीवाडा रोड़, सुमेरपुर | BPAS/595 | **1000 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल) |
| 10. | श्री महेन्द्र कुमार सोलंकी पुत्र ताराचंदजी छीपा व श्री दुर्गेश सोलंकी, शिव कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/596 | **1300 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (प्रथमतल) |
| 11. | श्री नरेन्द्र कुमार परिहार पुत्र चुन्नीलालजी माली, मानसरोवर होटल से गांधी मुर्ति रोड, पेट्रोल पम्प, राजगुरू सर्कल, सुमेरपुर | BPAS/597 | **230 वर्गफीट** व्यवसायिक प्रयोजनार्थ (भूतल,प्रथमतल) |
| 12. | श्रीमति कमलादेवी पत्नि रमेश कुमारजी, शिव वाटिका कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/598 | **1100 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल,प्रथमतल) |
| 13. | श्री महेन्द्र कुमार पुत्र वर्जीगजी माली, शिव वाटिका कोलोनी, सुमेरपुर | BPAS/599 | **1100 वर्गफीट** आवासीय प्रयोजनार्थ (भूतल,प्रथमतल) |

उपरोक्त पत्रावलियों के संबंध में किसी को कोई भी आपत्ति हो तो लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेजों सहित इस आपत्ति आमंत्रण सूचना पत्र के प्रकाशित होने के 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद म्याद गुजरने के प्रस्तुत होने वाली आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सो सूचित रहें।

राज.संवाद/सी/24/12443 **अधिशाषी अधिकारी**